Career Preparation Plans discussed with the Final Year students at ICFAI University – Nov 12, 2020

इक्फाइ विवि. छात्रों को मिले करियर टिप्स

रांची. इक्फाइ विवि में गुरुवार को फाइनल इयर के विद्यार्थियों के साथ ऑनलाइन इंटरएक्टिव बैठक हुई. करियर से संबंधित टिप्स दिये गये. कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी को पहले ही करियर पर निर्णय लेना चाहिए, जो आपकी नौकरी, उद्यमिता और उच्च अध्ययन के विकल्प के रूप में करना चाहते हैं. उसके बाद अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करें तथा चुने हुए करियर के लिए खुद को तैयार करें. कुलपति ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश भर्ती ऑनलाइन हो रही हैं. इसलिए छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है कि आप भर्ती प्रक्रिया को डिजिटल रूप से कैसे जान सकें. पूर्व छात्र जो बेहतर जगहों पर कार्यरत हैं. उनसे संपर्क कर मार्गदर्शन ले सकते हैं. रजिस्ट्रार प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि विवि भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की तैयारी में छात्रों की मदद करने की योजना तैयार कर रहा है. असिस्टेंट डीन डॉ भगत बारिक ने कहा कि विवि ने विभिन्न विषयों में प्रश्न बैंक तैयार किया है और मॉक व लिखित परीक्षा आयोजित करने की योजना बना रहा है.

प्रभात खबर Fri, 13 November 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/5(

दैनिक भास्कर

इक्फाई विवि : विशेषज्ञों ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर रखे विचार

रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी में गुरुवार को कॉर्पोरेट गवर्नेंस विषय पर वेबिनारहुआ। प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि गुड गवर्नेंस शॉर्ट टर्म सस्टेंस व ऑर्गेनाइजेशन के लॉग टर्म ग्रोथ के लिए महत्वपूर्ण है। कोलकाता से आए वित्तीय मामलों के जानकार जॉयदीप मुखर्जी ने कहा कि अच्छा कारपोरेट प्रशासन कंपनियों को निवेशकों और समुदाय के साथ विश्वास बढ़ाने में मदद करता है। रजिस्ट्रार प्रो. अरविंद कुमार समेत अन्य ने विचार रखे।